दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 159 मुरादाबाद 04 October 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी की सड़कों पर 10 दिन चलेगा विशेष अभियान, कोई ट्रैफिक नियम तोड़ता दिखे तो इन नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत



यूपी की सड़कों पर अगले 10 दिनों तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कोई माल वाहन पर सवारी बैठाते दिखा तो उसपर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। यदि कोई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करे तो इन नंबरों पर सूचना दें..। ये नंबर हैं-0522-2390468 और 9454402555 हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक से यात्रा असुरक्षित है। इसलिए यात्रा के लिए किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न किया जाए। मुख्यमंत्री कानपुर नगर में हुए दो सड़क हादसों के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और घायलों का हालचाल लेने के लिए कानपुर नगर जाने से पहले, रविवार को अपने सरकारी आवास पर सड़क सुरक्षा के संबंध में परिवहन और गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग केवल कृषि कार्य या माल ढुलाई में ही किया जाना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए लोग अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षित यात्रा के लिए सुरक्षित साधनों को ही अपनाएं। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र ग्रामीण इलाकों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अगले एक पक्ष में बैठकें आयोजित कर पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षित परिवहन साधनों को अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। सूचना, लोक निर्माण तथा परिवहन विभागों द्वारा इस संबंध में प्रमुख स्थानों पर जागरुकता के लिए होर्डिंग्स लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें परिवहन तथा पुलिस विभाग की विशेष भूमिका है। इस कार्यवाही में जनता का सहयोग लिया जाए। इसके लिए फोन नंबर जारी किए जाएं, जिस पर जागरूक नागरिक ओवरलोडिंग तथा सड़क सुरक्षा के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी दे सकें। इस कार्य से '112' सेवा को भी जोड़ा जाए। इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक डीएस , प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुलायम के पास अस्पताल पहुंचा पूरा परिवार, नेताओं कार्यकर्ताओं से मेदांता नहीं आने की अपील



गुरुग्राम के मेदांता अस्पातला में भर्ती सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत क्रिटिकल बनी हुई है। उनके लिए पूरे देश में दुआओं का दौर जारी है। बेटे अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव समेत पूरा परिवार इस समय अस्पताल में ही है। इस बीच समाजवादी पार्टी ने नेताओं और कार्यकर्ताओं से मेदांता नहीं आने की अपील की है। सपा ने ट्वीट करके मुलायम सिंह की स्थिति के बार में भी बताया। समाजवादी पार्टी ने बताया कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती हैं। उनकी हालत स्थिर है। नेताजी से मिलना और अस्पताल में जाना संभव नहीं है। इसलिए आप सभी से विनम्र निवेदन है कि कृपया अस्पताल न आएं। यह भी लिखा है कि नेताजी के स्वास्थ्य की जानकारी समय समय पर दी जाती रहेगी। मुलायम सिंह अगस्त से मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार रात को उनकी तबीयत अधिक खराब होने पर जनरल वार्ड से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद रविवार शाम अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य भी अस्पातल पहुंच गए। बताया जाता है कि ऑक्सीजन लेवल कम होने के कारण दिक्कत हुई है। हालांकि अब ऑक्सीजन का लेवल मेंटन होने की बात कही जा रही है। इस बीच मुलायम सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ जगह-जगह प्रार्थनाओं का दौर चल रहा है। रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अखिलेश यादव को फोन कर मुलायम सिंह यादव की सेहत का हाल जाना। उन्होंने मेदांता के डॉक्टरों से भी सपा संरक्षक की सेहत के बारे में बात की और उन्हें अच्छे से अच्छा इलाज मुहैया कराने को कहा।

## भारत ने आसमान पर लिखी एक और सफलता, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स भारतीय वायुसेना में शामिल



भारतीय वायुसेना के बेड़े में आज देश का पहला स्वदेशी विमान जुड़ गया है। 10 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले बैच वायुसेना में शामिल हो गया है। विमानों का यह बेड़ा भारतीय फोर्स की ताकत को न सिर्फ बढ़ाएगा, बल्कि पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर दुश्मन का खात्मा करने में भी सक्षम होगा। हल्के वजन वाले इन विमानों की मदद से सेना सीमाओं पर आसानी से मिसाइल और अन्य हथियारों को ले जा सकेगी और दुश्मन का पलभर में खात्मा कर सकेगी। इन विमानों को खास ऊंचाई वाले इलाकों में खास ऑपरेशन के लिए बनाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में जोधपुर में विमानों का यह बेड़ा वायुसेना में शामिल हो गया। इन खास किस्म के विमानों को एयरोस्पेस प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा विकसित किया गया है। इन्हें मुख्य रूप से उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। यही वजह है कि इन स्वदेशी लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल सीमाओं पर उन जगहों पर भी किया जाएगा, जहां फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

### बॉर्डर पर दुश्मन का खात्मा

वायुसेना के अधिकारियों ने का कहना है कि एलसीएच एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव से समानता रखता है। इसमें कई में स्टील्थ (राडार से बचने की) विशेषता, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली, रात को हमला करने और आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता है। इस खासियत से ये अत्याधुनिक विमान रात के अंधेरे में दुश्मन को पता लगे बिना खात्मा करने में माहिर है।

### 10 वायुसेना में और 5 सेना के बेड़े में होंगे शामिल

अधिकारियों ने कहा है कि 5.8 टन वजनी दो इंजन वाले लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले ही विभिन्न हथियारों से फायरिंग परीक्षण पूरा किया जा चुका है। इससे पहले मार्च में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने 3,887 करोड़ रुपये की लागत से 15 स्वदेशी रूप से विकसित लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि 10 हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना के लिए और पांच भारतीय सेना के लिए होंगे। अधिकारियों के अनुसार, इन स्वदेशी हेलिकॉप्टरों में कई खासियत हैं जो सेना को युद्ध के दौरान काफी सहायता दे सकते हैं। दुश्मन की खोज और खुद के बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा (डीईएडी) को नष्ट करने और आतंकवाद विरोधी (सीआई) संचालन इसकी खूबियों में है। इन हेलीकॉप्टरों को ऊंचाई वाले बंकर-बस्टिंग ऑपरेशन, जंगलों और शहरी वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के साथ-साथ जमीनी बलों की मदद करने के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

# देर रात्रि तक महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी व थाना प्रभारी बबुरी अतुल ने किया पैदल/चेकिंग





तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बनारस-आपसी सौहार्द के साथ मनाए त्यौहार-विशेष परिस्थितियों में डायल करें 112 पुलिस आपके सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बबुरी/मुगलसराय।।तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में आमजन मानस में सुरक्षा की भावना को और प्रबल करने हेतु हुआ त्यौहार को सकुशल संपन्न करवाने के लिए महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने मय फोर्स थाना क्षेत्र मैं बने दुर्गा पंडालों व आसपास के जगहों पर संदिग्धों की तलाशी व चेकिंग अभियान चलाया वही। थाना प्रभारी बबुरी अतुल कुमार के द्वारा भी प्र्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार कस्बा क्षेत्र बबुरी में पैदल गस्त कर रहे है।

जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी है।पैदल गस्त करते हुए उन्होंने बाहर से आने जाने वाले गाड़ियों को गहनता से चेकिंग किया। गाड़ियों के कागजात में कमी मिलने पर जमकर लताड़ भी लगाए ।फिर कस्बा क्षेत्र में पैदल गश्त कर दुकानदारों/व्यापारियों व राहगीरों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने सहित लोगो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार जनपद बबुरी के थाना प्रभारी के नेतृत्व में फुट पेट्रोलिंग किया जा रहा जिसके अन्तर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, सर्राफा मार्केट,बस स्टैंड/टैम्पो स्टैंड, आदि स्थानों पर भ्रमण व निरीक्षण किया जा रहा है।चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी अतुल कुमार के अलावा हेड कॉन्स्टेबल सतेंद्र पांडेय कॉन्स्टेबल अनुज कृष्णा राहुल आदि रहे।

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी ने जिलाधिकारी बरेली को सौंपा ज्ञापन



राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


बरेली-आंवला/भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी ने लखीमपुर घटना की बरसी पर महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा यूनियन सर्वसम्मति केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को तत्काल बर्खास्त करने एवं लखीमपुर घटना के मृत किसानों को मुआवजा देने की मांग की साथ ही कासगंज में भाजपा के लोगों द्वारा के किसानों के साथ की गई मारपीट करने वाले लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की और बकाया गन्ना भुगतान एवं 450 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य बिजली संशोधन बिल वापस लेने की मांग उठाई इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी बरेली -करन सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा केशव सिंह सोलंकी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बरेली मोहम्मद आसिक एडवोकेट जिला अध्यक्ष बरेली राम सिंह लोधी बरेली मंडल उपाध्यक्ष हुरेश वर्मा कप्तान सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष बरेली मंडल महासचिव बरेली मंडल बरेली कल्याण सिंह जिला महासचिव बरेली ब्लॉक अध्यक्ष फरीदपुर विनोद कुमार जिला उपाध्यक्ष बरेली राजीव यादव तहसील अध्यक्ष फरीदपुर वीरपाल सिंह यादव तहसील उपाध्यक्ष फरीदपुर नरवीर सिंह यादव सुधांशु शुक्ला जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा हरदोई मजहर खान एडवोकेट जिला महामंत्री बरेली युवा मोर्चा महबूब अली ग्राम अध्यक्ष पालपुर कमालपुर शमशीर अहमद ग्राम उपाध्यक्ष पालपुर कमालपुर शाकिर अली ग्राम सचिव पालपुर कमालपुर जय वीर सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष बरेली हरिशरण यादव तहसील अध्यक्ष सदर बरेली डालचंद लोधी आदि किसान मौजूद रहे

# दूधमुंहे बेटा को घर पर छोड़कर प्रेमी संग हुई फरार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- बरला,क्षेत्र के एक गांव की महिला दूधमुंहे बेटे को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई बताते हैं कि महिला के अपनी ननंद के जेठ के बेटे से नैना लड़ गए थे 6 माह पूर्व ननंद के बेटा पैदा हुआ था वह उस समय वहां 15 दिन ननंद की ससुराल रह कर आई थी इसी बीच उसके जेठ के बेटे के प्रेम जाल में फस गई वह भी कभी-कभी उसके ससुराल आता रहता था किसी को इनके इश्क की भनक तक नहीं लगी महिला के पति को कुछ शक हुआ तो उसने चुपचाप फोन में कॉल रिकॉर्डिंग चालू कर दी महिला अनपढ़ है पति ने दोनों के प्रेम भरी बातों को रिकॉर्डिंग में सुन लिया तो दोनों के बीच झगड़ा हुआ इसके बाद रिश्तेदारों ने आकर रफा-दफा करा दिया, मगर दोनों में बातों का सिलसिला जारी रहा महिला दवा लेकर आने की घर से कहकर चली गई पति उसके गांव भी गया, मगर महिला ने वापस जाने से साफ मना कर दिया

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने आए दो आरोपियों में से 1 को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद। कस्बा में ,बाइक सवार दो युवक फर्जी पुलिसकर्मी बनकर एक युवक से ठगी करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान बाजार के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। जिसमें से एक आरोपी भीडभाड़ का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला तथा दूसरे को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। आरोपी को पकडने वाले लोगों ने बताया है कि गांव धौरी निवासी एक युवक कहीं से शराब के दो क्वाटर लेकर अपने घर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार दोनों आरोपियों ने युवक को कस्बा के बाजार में पकड़ लिया। और अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए युवक पर रौब छाडते हुए कहने और तू शराब लेकर जा रहा है। या तो हमे पांच हजार रुपये दे नहीं तो तुझे थाने ले जाकर बंद कर देंगे। आरोपियों की बाते सुनकर वहां भीड़ जमा हो गई। तथा लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। इसी दौरान भीड़ का लाभ उठाकर एक आरोपी भाग गया। लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में पुलिस मोके पर पहुंच गई और पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई है।

# बंदरों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी।। क्षेत्र पंचायत कोई राजपुर विकासखंड हरहुआ के लगभग दर्जनभर ग्रामीणों ने आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अवगत कराते हुए बताया कि गांव में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। और अभी तक दर्जन भर से ज्यादा लोगों को बन्दरो ने अपना शिकार बनाया।जिससे बच्चे बड़े बूढ़ों को घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है उक्त संदर्भ में ग्रामीणों ने निवेदन किया है कि उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।


# जसरथपुर के निकट पलटी इको कार चालक गंभीर घायल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव जसरथपुर के निकट गाड़ी बचाने के चक्कर में पलटी इको कार जिसमें चालक गंभीर रूप से हुआ घायल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी के लिए भेजा गाड़ी सही करा कर सिधौली से अपने गांव खेड़ा नारायण सिंह जा रहा था

# आदर्श रामलीला का शुभारंभ हुआ



राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला- थाना सिरौली के ग्राम सोना में आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष का चुनाव हुआ , सभी सदस्यों की उपस्थिति में मगनमूर्ति पाण्डेय को अध्यक्ष चुना गया , वही हरप्रसाद पाण्डेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया ,आपको बता दे कि अध्यक्ष बनने के बाद श्री पाण्डेय जी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर सहयोग की अपील की ,और व्यास आचार्य श्री शिवदत्त शर्मा ने विधिवत पूजन कराकर रामलीला मंचन का शुभारंभ कराया, ग्राम प्रधान पुत्र अशोक पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, प्रशांत पाण्डेय,सोमदत्त शर्मा, अंकित पाण्डेय,जुगेंद्र सिंह यादव, सौरभ पाण्डेय, सुधांशु पांडेय, भूकनलाल पांडेय, सियाराम पाण्डेय,सतीश चंद्र पाण्डेय, अवदेश पाण्डेय,अनोज पाण्डेय, गुलाबदत्त शर्मा, आदि सदस्यों सहित समस्त ग्राम बासी उपस्थित रहे , वही कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि सोना में रामलीला का मंचन वर्षों से होता आ रहा है, जिसमे कलाकारों के द्वारा मंच से भगवान श्री राम के चारित्र को दर्शाया जाता है।

# एकता कॉलोनी राधा वाटिका मझोला में श्री सर्वजनिक दुर्गा पूजा का आयोजन

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -अखंड भारत महासंघ के तत्वधान में एकता कॉलोनी राधा वाटिका मझोला में श्री सर्वजनिक दुर्गा पूजा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र विराट राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र राघव एवं वशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे वही कार्यक्रम में मां दुर्गा को पुष्प अर्पित कर पूजा का आयोजन किया गया दरअसल इस कार्यक्रम का आयोजन सभी बंगाली समाज के द्वारा आयोजित किया जाता है आपको बता दे मुरादाबाद के मंडी समिति स्थित राधा वाटिका शादी हॉल में आज अष्टमी के दिन से दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम में पूजा आयोजित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वही इस कार्यक्रम के आयोजित दुर्गा पंडाल में बच्चें और महिलाओं नें बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। दुर्गा पूजा महोत्सव में पुरोहित द्वारा मां की स्थापना करवाकर विधिवत अष्टमी पूजा आज संपन्न कराया गया जिसमें मां दुर्गा का बोधन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अमित चौहान ,28 विधानसभा कुंदरकी प्रत्याशी सूरज प्रताप सिंह, जयप्रकाश ,अनिल प्रजापति, सोनित शर्मा ,सुरेश भटनागर, संजय वर्मा , विकास विश्वास, आकाश , नीलरतन विश्वास, जयप्रकाश, रविंद्र राघव आदि सभी लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे

# सुकन्या समृद्धि योजना समारोह का आयोजन किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - श्री वीरसिंह प्रबर अधीक्षक डाकघर मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद ने बताया है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 3.10.2022 को मुरादाबाद मंडल में सुकन्या समृद्धि योजना समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महानगर संयोजिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्रीमती प्रिया अग्रवाल एवं सदस्य बीजेपी के वरिष्ठ माननीय नेता श्री अनिल चैधरी के अध्यक्षता में कार्यक्रम को सफल बनाया गया प्रबर अधीक्षक डाकघर ने बताया

कि आज का मुख्य आकर्षण सुकन्या खाता खुलवाने आए ग्राहकों को मुख्य अतिथि के द्वारा एक छोटा सा उपहार तथा सांकेतिक सुकन्या सर्टिफिकेट से प्रोत्साहित किया गया। साथ में मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत सभी उपमंडल तथा प्रधान डाकघर में एकत्र किए गए कुल सुकन्या खातों की संख्या -1869 है

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खेत में पलट गई पर्यटकों की कार, सात घायलों में दो की हालत नाजुक



मुरादाबाद- दलपतपुर-अलीगंज मार्ग पर पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर धान के खेत में पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। शोर-शोराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को अस?पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल हुए सात लोगों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## जिम कार्बेट पार्क घूमने उत?तराखंड गए थे सात दोस्त

गाजियाबाद के मोहल्ला राजनगर निवासी 30 वर्षीय हार्दिक पाठक अपने छह छोस्तों बासु, आदर्श त्यागी, सुमित त्यागी, आरती गोयल, शहरी शर्मा और अर्पित त्यागी के साथ स्कार्पियों से उत्तराखंड के जिम कार्बेट पार्क घूमने गए थे। गाड़ी अर्पित त्यागी चला रहे थे। सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे वापस लौटते समय भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फसयापुरा गांव के समीप तेज रफ्तार कर अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई।

## पेड़ से टकराने के बाद खेत में जाकर पलट गई कार

पेड़ से टकराने के बाद कार सड़क से 200 मीटर दूर धान के खेत में जाकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार पांच युवक व दोनों युवतियों समेत सभी सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व पास के ग्रामीणों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना पाकर भगतपुर थाना प्रभारी विप्लव शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवा दिया। दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है

# जनाब शौकत अली साहब के पैगाम को आम जन तक पहुँचाया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -महानगर अध्यक्ष मुरादाबाद हाजी वकी रशीद एडवोकेट,प्रदेश संयुक्त सचिव ज़की राईनी, वसीम सिद्दीकी, गुलाम रसूल, रुस्तम अली, सलीम कुरैशी, जावेद अंसारी,संभावित प्रतियाशी वार्ड 41 शाहनवाज़ अंसारी उर्फ़ राजा,क़ासिम अंसारी,मो? अबरार,भूरे भाई, के साथ मुरादाबाद महानगर के वार्ड 41 पक्का बाग़ में एक मीटिंग की गई जिसमे वक्ताओं ने एआईएमआईएम पार्टी की नीतियां बताई एवं बैरिस्टर ओवैसी साहब एवं प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली साहब के पैगाम को आम जन तक पहुँचाया और जनाब जावेद अंसारी को महानगर संयुक्त सचिव, का मनोयन पत्र महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद ने दिया मीटिंग का आयोजन वार्ड 41 के संभावित उम्मीदवार शाहनवाज़ अंसारी ने किया। मौके पर शफ़ीक़ अंसारी, ज़हीर अंसारी,राशिद अंसारी, शब्बू अंसारी, अब्दुल वहाब, इसरार अंसारी, सुब्हान अंसारी, मो0 फ़ारूक़, आदि लोग मौजूद रहे।

# ठाकुरद्वारा में त्योहारों पर कायम रखें शांति व्यवस्था : एसडीएम

मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में सोमवार को आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम, सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का भरोसा दिलाते हुए परंपरागत तरीके के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही कोई नई परंपरा नहीं डालने की नसीहत दी। सोमवार को कोतवाली में एसडीएम परमानंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में समाजसेवी शाहफेज खान ने कहा कि ठाकुरद्वारा में धार्मिक कट्टरता और उन्माद के लिए कोई जगह नहीं है। त्योहार प्रेम पूर्वक मनाने के लिए व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। त्योहार खुशियां लेकर आते हैं चिंता नहीं, प्रेम की नगरी ठाकुरद्वारा में त्योहारों पर चिंता की आवश्यकता नहीं है। एसडीएम परमानंद सिंह ने कहा कि ठाकुरद्वारा में धार्मिक उन्माद एक फीसदी भी नहीं है। यहां के लोग एक दूसरे घर में यहां के लोग एक दूसरे के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हैं। त्योहारों पर बिजली की कटौती बिल्कुल भी नहीं की जानी चाहिए। पुलिस प्रशासन जनता के साथ है। त्योहार मनाने के लिए लोगों को हर संभव सुविधा दी जाएगी। डिप्टी एसपी अपेक्षा निंबाडिया ने कहा कि रावण दहन के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर का प्रबंध किया जाए और त्योहार परस्पर प्यार मोहब्बत के साथ मनाने के साथ ही सोशल मीडिया से दूरी बनाई जाए। साजिद मंसूरी मौलाना अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।संचालन राकेश दानव ने किया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Broadcast of hearing

About two and a half decades ago, the Supreme Court had said that justice should not only be done, but it should also be seen to be done. Since then it has been used as a phrase in the context of completeness of justice, but by 'live streaming' the hearing of constitutional matters on Tuesday, the Supreme Court fulfilled a decades-old demand. At present, arrangements have been made to telecast constitutional matters, which can be seen by anyone, but it is arguably a departure point in the history of the Indian judiciary. In fact, a division bench headed by the current Chief Justice UU Lalit had ruled that doing so was a justified step in terms of transparency. Obviously, the system which is most transparent, has the highest level of faith of the citizens. In the changing times, any action to streamline the system with the use of technology should be welcomed. The Supreme Court's order for recording several legislative proceedings in the event of a constitutional crisis has been viewed as such and its impact on the presiding officers was also visible. In such a situation, in future when this decision is extended, and it reaches the lower courts, then this initiative will definitely make a big difference. There is no qualms in admitting that one of the major reasons for our increasing litigation burden is our tendency to unnecessarily date-to-date and this trend has not gone away even after the change in the civil law that a trial should not have more than three adjournments. needed. Undoubtedly, lack of judges and resources is also a major constraint, but complaints of judicial laxity are common. Hopefully, the expansion of recording and broadcasting will curb this trend to some extent. Since 1989, when live telecast started after recording the proceedings of Lok Sabha and Rajya Sabha, there was a demand that court proceedings should also be telecast live. However, there is another aspect to it. How much the live telecast of the proceedings of the Parliament had a positive effect on the style of Parliamentary functioning or governance, it is a matter of research, although the general perception remained that our honorable people not only violated parliamentary decorum to come in the public eye. But in this way he was also successful in making his strong identity among the targeted voters. However, as the Indian judiciary has been lauded worldwide for its discipline and commitment, these broadcasts will further enhance its credibility. Yes! In the beginning, a problem will certainly arise that apart from judicial decisions, the observations of the judges will also be taken into account. As such, they have to be extra cautious. The kind of campaign that was seen in social media towards certain justices over some of the recent remarks may also be flooded. In such a situation, it is the responsibility of the government and the regulatory machinery to ensure a system in which no judge can be made a victim of a misguided campaign without stifling the democratic liberties of the citizens. The demand of justice is that there should be no injustice to those who do justice.

# Shanaya Kapoor shared pool photo in Bikini, Suhana Khan gave this reaction



Shanaya Kapoor shared pool photo in Star kids are seen enjoying the celebrity lifestyle even before their entry in Bollywood. One of these names is Shanaya Kapoor. The name of Shanaya Kapoor, daughter of Bollywood actors Sanjay Kapoor and Maheep Kapoor, comes in the list of celebrities who have millions of fans on social media. For information, let us tell you that Shanaya Kapoor has 1.4 million followers on Instagram. Hundreds of fans' comments and likes can be seen on every single post of Shanaya. For this reason, these star kids also do not miss any opportunity to woo the fans with their posts. Recently, Shanaya Kapoor shared a pool photo of her from the holiday trip on Instagram. Shanaya's bold style in the pool - Shanaya Kapoor keeps sharing special moments from her travel diaries on Instagram. Recently, Shanaya has posted a photo while enjoying in the pool from a beautiful place. Shanaya has been sharing pool photos with her girl gang even before this. But after seeing this picture, his girl gang is also missing him. His bestie Suhana Khan's reaction came on Shanaya's pool photo. Suhana wrote that she is missing him. Shanaya Kapoor's Debut in Karan Johar's Film - After becoming the face of many brands, Shanaya Kapoor was recently seen in the second season of Netflix's reality Fabulous Lives of Bollywood Wives. Apart from this, Shanaya is going to debut in Bollywood with Karan Johar's film titled 'Bedhak'. The shooting of this film is expected to start next year. In this film, she will be seen opposite actors Lakshya and Gurfateh Pirzada. Once Shanaya's family had faced the days of trouble - In Fabulous Lives of Bollywood Wives, Shanaya Kapoor's mother Maheep Kapoor made another big disclosure. Maheep had told how despite being from the biggest family of Bollywood, Kapoor family, his life was not easy. Recalling his troubled days, he had said- 'People around me at times made me feel like we were a failed part of the Kapoor family. Talking further about this, Maheep had said- 'There was a time when Sanjay was sitting at home without any work for many years. Money was very tight. My kids have grown up watching it along with the glamor and glitz.Bikini, Suhana Khan gave this reaction

# Ajay Devgan's film 'Maidaan' to release on this day

Mumbai Bollywood actor Ajay Devgan's film 'Maidaan' will be released on February 17 next year. The film 'Maidaan' is based on the true story of Syed Abdul Rahim, who made India proud. It is set on the golden age of Indian football. Directed by Amit Rabindranath Sharma, 'Maidan' also stars Priyamani, Gajraj Rao and Rudranil Ghosh. Produced by Zee Studios, Boney Kapoor, Akash Chawla and Arunav Joy Sengupta, the screenplay and dialogues of Maidan are penned by Saivin Quadras and Ritesh Shah. The film was earlier scheduled to release in theaters on June 03 this year but now the film will release on February 17 next year.



# बौद्धिक योग प्राण विधा शिविर का आयोजन, शेष जीवन समाज के लिए समर्पित-सी.एल.

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के मारहरा विकास खण्ड में ग्राम गोपालपुर में 20 - 20 सुपर रश्वल -मश्वडल पुस्तकालय और स्व अध्ययन केन्द्र में योग प्राण विद्या शिविर का 2 दिवसीयआयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षु मानपाल सिंह ने की, और संचालन दिगम्बर दयाल सेक्सन इंजीनियर रेलवे ने किया।

इस अवसर पर अपने ग्राम गोपाल पुर में क्षेत्र के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना करने के साथ ही योग प्राण विद्या शिविर कार्यक्रम में आयोजक सी. एल. पथरिया ने कहा कि मेरा पूरा शेष जीवन समाज के लिए समर्पित है।पुस्तकालय की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा का विकास करना है इस पुस्तकालय एवम स्व अध्ययन केंद्र के संरक्षक मण्डल में बीना चन्द्र पाल सिंह पथरिया,लोधी सी. एल. पथरिया, राजधानी ट्रेन ड्राइवर,लोधी




रवि चन्द्रपाल सिंह पथरिया, ढ्ढ गुजरात ऋ ।प्रोफेसर चंद्रकांता लोधी, ढ्ढ दिल्ली ऋ ,प्रोफेसर कुमकुम ढ्ढ मेरठ ऋ ,विपिन कुमार पथरिया ढ्ढ आगरा ऋ प्रोफेसर सरस्वती पथरिया, लोधी किरन पथरिया ढ्ढ गुजरात ऋ ,लोधी कुलदीप हरी सिंह पथरिया ढ्ढ गोपालपुर ऋ है।इस अवसर पर देश के कई एक बक्ताओ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।इसमें सुनील राजपुत रेलवे केमिकल इंजीनियर, ढ्ढ इलाहाबाद ऋ ,अशोक कुमार ढ्ढ झाँसी ऋ ,भगत सिंह अवर अभियंता पी. डब्लू. डी., राजेन्द्र सिंह ढ्ढ कासगंज ऋ ,हरीसिंह,राजभारती सिंह, प्रेम सिंह पूर्व प्रधान, प्रेमपाल सिंह आर्यढ्ढ जिलाध्यक्ष लक्ष्य अलीगढ़ ऋ ,महेश चंद्र दान सहाय आर्य, प्रांतीय उपाध्यक्ष, नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रेम सिंह आर्य, पूर्व प्रधानाचार्य, मेधसिंघ ढ्ढ हरिद्वार ऋ ,हरिनारायन सिंह उद्योगपति,महेन्द्रपाल सिंह, डश्व0भागवत स्वरूप ,मुनेश राजपूत, नरेंद्र कुमार वर्मा, डश्व0सोमेंद्र सिंह महामंत्री लक्ष्य,श्रीमती राधा देवी, देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी महासभा एटा आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# एटा में घोष की धुन पर गूंजा बल्लभ पंत स्टेडियम

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित स्वर साधक संगम नगर के पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में आगरा , अलीगढ़, बरेली, मथुरा, एटा आदि जिलों के नौ वर्षो से 18 वर्ष के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। एक ही स्वर ताल में 3000 विद्यार्थियों ने घोष वादन करके अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। 12 जिलों से आए सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के 75 दलों ने समवेत स्वर में घोष बजाया। जिसमें 75 प्रणव, 75 घोष दंड, 675 आनक, सारिका , 675 शंख, 75 ट्रायंगल, 75 झांझ ,75 वंशी का स्वर स्टेडियम के प्रांगण में गुंजायमान हुआ। इसके साथ साथ 75 क्लारनेट, 75 नागांग,75 तूर्य आधुनिक वाद्य यंत्रों का भी वादन किया गया। इन घोष वादकों ने ओम के आकार में, त्रिभुज के आकार में, वृत के आकार में घोष वादन प्रदर्शन करते हुए स्थलीय रचनाएं की। दल के अनुसार प्रदर्शन में परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन गणेश रामनगर सरस्वती शिशु मंदिर बल्केश्वर आगरा श्री कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर मथुरा सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा, द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका विद्या मंदिर कासगंज, सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कासगंज, गणेश राम नगर सरस्वती बालिका



विद्या मंदिर बलकेश्वर, आगरा, हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर वृंदावन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ हरीश रौतेला, प्रांत प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत, डोमेश्वर साहू क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती , हरिशंकर प्रदेश संगठन मंत्री विद्या भारती, चंद्रप्रकाश द्विवेदी मंत्री भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी क्षेत्र, होडिल सिंह, प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश ,रामकिशोर, प्रदेश निरीक्षक, शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश, गोपीनाथ ,प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश ,गोपाल शर्मा, प्रांत घोष प्रमुख, कृष्ण कांत द्विवेदी, प्रांत प्रचार प्रमुख, क्षेत्रपाल उपाध्याय, अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद शिक्षा प्रसार समिति एटा , ब्रज नंदन माहेश्वरी मंत्री स्वामी विवेकानंद शिक्षा प्रसार समिति एटा, द्वारा संयुक्त रूप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर गोपीनाथ एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम की प्रस्ताविकी को प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती ब्रज प्रांत हरि शंकर द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत विद्या भारती ब्रज प्रदेश के विद्यालयों का यह स्वर साधक संगम कार्यक्रम आयोजित है । विद्या भारती ने अपनी शिक्षा व्यवस्था में बालक के सर्वांगीण विकास की संकल्पना की है। अर्थात शरीर, प्राण, मन, बुद्धि, आत्मा का विकास सर्वांगीण विकास है। इस हेतु विद्या भारती ने शैक्षिक दृष्टि से विभिन्न विषयों का समायोजन किया है ।शारीरिक शिक्षा का ही अंग है घोष साथ ही संगीत विषय भी उसका अंग है। यह साधना का विषय है जिसके माध्यम से देशभक्ति का संचार होता है। घोष की आवाज मन में एक स्पंदन का कार्य करती है।ा स्मरणीय बनाने हेतु अनेक प्रकार के क्रियाकलाप किए जा रहे हैं। विद्या भारती ब्रज प्रदेश ने इसी परिपेक्ष में प्रांत से चयनित 75 दलों के घोष का यह कार्यक्रम आज यहां आयोजित किया है। इस प्रयोग के माध्यम से यह उद्देश्य है कि घोष की परंपरा देश के सभी विद्यालयों में प्रारंभ हो । जो बालक के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। इससे उसमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा । राष्ट्रभक्ति की विचारधारा में प्रवाहित होने का अवसर प्राप्त होगा ।जिससे सभी एक साथ मिलकर समान भाव से एक ही दिशा में चल कर देश को गौरवशाली बनाने के प्रयत्न करने का कार्य पूर्ण कर सकें। विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गीत की प्रस्तुति की गई।

# थानाध्यक्ष जसरथपुर श्रवण कुमार निगम ने पत्नी के साथ की मारपीट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थानाध्यक्ष जसरथपुर श्रवण कुमार निगम ने पत्नी के साथ की मारपीट, पत्नी ने थानाध्यक्ष पर बर्बरता से मारपीट करने का लगाया आरोप शादी के बाद से ही लगातार कर रहे है उत्पीड़न-पत्नी दूसरी कई महिलाओं से हैं अवैध संबंध-पत्नी घायल अवस्था मे अधमरी हालत में देर रात पहुंची मेडिकल कॉलेज एटा, थानाध्यक्ष ने पत्नी को लोहे की रॉड से जमकर पीटा, थाना परिसर में स्थित



आवास पर श्रवण कुमार निगम ने की पत्नी के साथ मारपीट पीटने के दौरान नहीं बचाने आया कोई पुलिसकर्मी- पत्नी एटा के जसरथपुर थानाध्यक्ष है श्रवण कुमार निगम

# दुस्साहस: एटा में पुलिस टीम पर हमला, वारंटी छुड़ाया, दरोगा घायल

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव घनश्यामपुर में वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर लोगों ने ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। ये लोग पुलिस से वारंटी को छुड़ा ले गए। हमले में दरोगा घायल हो गया। पथराव कर पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। इस मामले में नौ नामजद और 60 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वारंटियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की रात निधौलीकलां थाने के उपनिरीक्षक रामलाल, उदयवीर सिंह व जयमल सिंह, आरक्षी प्रिंस चौधरी, रामेश्वर सिंह व गाड़ी चालक आरक्षी जयवीर सिंह वांछित आरोपी जवाहर, जीतू, पप्पू और सीता की तलाश में घनश्यामपुर गए थे। जहां पुलिस ने वारंटी जवाहर व जीतू के घर दबिश दी। जवाहर को गिरफ्तार कर पुलिस ले जाने लगी। इस दौरान पड़ोस के लोगों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आक्रोशित लोगों ने कर दिया हंगामा दरोगा हुए घायल-गिरफ्तार किए वारंटी को छुड़ा लिया। उपनिरीक्षक रामलाल ईंट लगने से घायल हो गए। उन्होंने विपिन कुमार सहित नौ नामजद व 60 अज्ञात पर पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ जलेसर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान महिलाएं बीच में आ गईं। इसके बाद आसपास के लोगों ने वारंटी को छुड़ा लिया। एक उपनिरीक्षक ईंट लगने से घायल हुए हैं।

# बड़ी लापरवाही: थाने से गायब हो गई सपा नेता जुगेंद्र सिंह यादव की हिस्ट्रीशीट, जांच शुरू

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज थाने से सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव की हिस्ट्रीशीट गायब हो गई। यह महत्वपूर्ण दस्तावेज कई साल से गायब था, जो अब जानकारी में आ सका। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कराई गई है। अलीगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव अमृतपुर रघुपुर निवासी जुगेंद्र सिंह यादव की हिस्ट्रीशीट थाने में दर्ज है, जिसको पिछले दिनों देखा गया तो मूल प्रति नहीं मिली। इस पर एसएसपी ने 29 सितंबर को प्रारंभिक जांच सीओ अलीगंज को सौंप दी। उनके ही निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई। थाने के तत्कालीन हेड मुहर्रिर व थाना कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा हिस्ट्रीशीट गायब किया जाना प्रथम दृष्टया पाया गया है। एसएसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब चार-छह साल पहले मूल हिस्ट्रीशीट थाने से गायब हुई है। इसका सही समय पता किया जा रहा है। इसी के आधार पर उस समय तैनात पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी तय हो सकेगी। बताया कि यह बहुत महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज होता है। किसी अभियुक्त के जीवित रहने तक उसे नष्ट नहीं किया जा सकता है। भाई पूर्व विधायक की भी गायब हो चुकी हिस्ट्रीशीट- इससे पहले सपा नेता के बड़े भाई अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ यादव की हिस्ट्रीशीट भी गायब हो चुकी हैं। उनकी हिस्ट्रीशीट थाना जसरथपुर में दर्ज थीं। सीओ की जांच में थाने का मुंशी इस मामले में दोषी पाया गया था। जिसके खिलाफ 2 जून 2022 को जसरथपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गइ

# वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए कार्यशालाएं सहित अन्य गतिविधिया आयोजित की

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर जिला में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है आज नगर में वन्य जीव पर्यावरण जागरूकता को लेकर वन विभाग ने रैली निकाली.दरअसल प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी प्राकृतिक संतुलन के लिए जरूरी वन्य जीवों का संरक्षण सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है. लोगों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए कार्यशालाएं सहित अन्य गतिविधिया आयोजित की जा रही हैं. वन्यजीवों के महत्व तो वही पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन से वन्य जीव की विलुप्त होते जा रहे. सुख-सुविधाओं और तथाकथित विकास के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन से दूसरे जीवधारियों के जीवन के आधार ही समाप्त होते जा रहे.पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ समाप्त होने की कगार पर हैं. फिलहाल वन्यजीव सप्ताह के तहत वन अमला जागरूक करने में लगी है उप मंडलाधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि प्रकृति, वनस्पति और जीव-जंतुओं को जीने का एकसमान अधिकार है इसके लिए गाव शहर कस्बो सहित हाथी प्रभावित जगहों पर आम लोगो जागरूक करने की कोशिश की जा रही है.

# अब बिलासपुर से इंदौर तक हवाई सुविधा, CM भूपेश करेंगे शुरुआत, 3 महीने में बंद हो गई भोपाल की फ्लाइट



छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल 3 अक्टूबर को बिलासा देवी केवट हवाई अड्डा, बिलासपुर ( चकरभाठा ) से बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर विमान सेवा की वर्चुअल शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट करेंगे। विमान सेवा का शुभारंभ 3 अक्टूबर को प्रातः 10.45 बजे बिलासा देवी केवट हवाई अड्डा, बिलासपुर ( चकरभाठा ) से होगा।बता दें कि 5 जून से शुरू हुए बिलासपुर- भोपाल हवाई सेवा को बंद कर अब इंदौर के लिए शुरू किया जा रहा है। 3 अक्टूबर से शुरू हो रही हवाई सेवा की बुकिंग शुरू हो गई है और इसे बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है। इंदौर-बिलासपुर की फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन उपलब्ध रहेगी। बिलासपुर से उड़ान भरने वाली अलायंस एयर ने भोपाल फ्लाइट को 26 सितंबर से बंद कर दिया है, जिसका विरोध शुरू हो गया था। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के विरोध को देखते हुए बिलासपुर से इंदौर हवाई सेवा शुरू करने का फैसला लिया है।

### बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सीव्हीएफआर करने की योजना

बता दें कि राज्य शासन द्वारा 41 करोड़ रुपये की लागत से बिलासपुर एयरपोर्ट का विकास 3 सीव्हीएफआर श्रेणी में करके डीजीसीए से लायसेंस लिया गया। बिलासपुर एयरपोर्ट से 1 मार्च 2021 से 72 सीटर नियमित घरेलू विमान सेवा का संचालन दिल्ली-जबलपुर-बिलासपुर-प्रयागराज किया जा रहा है। इस एयरपोर्ट से बिलासपुर-इंदौर के लिए नियमित विमान सेवा प्रारंभ हो रही है। बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सीव्हीएफआर श्रेणी में करने की योजना है।

# 16 साल की आदिवासी लड़की जा रही NASA, प्रोजेक्ट से हैरान हो गए IIT के वैज्ञानिक; पिता करते हैं साइकिल की रिपेयरिंग






छत्तीसगढ़ की 16 साल की आदिवासी लड़की को नासा के प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के छोटे से गांव की रहने वाली रितिका ध्रुव को नासा के प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। रितिका ने अपने टैलेंट से आईआईटी और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के वैज्ञानिकों को प्रभावित कर दिया। रितिका के प्रेजेंटेशन का विषय ऐसा था कि बड़े-बड़े वैज्ञानिक हैरान हो गए। रितिका ने 'अंतिरिक्ष में वैक्यूम है फिर भी नासा ने ब्लैक होल में ध्वनि कैसे ढूंढा ?' विषय पर अपनी प्रस्तुति दी थी। वह एक आदिवासी समाज से आती है। अपनी प्रस्तुति से प्रभावित कर रितिका ने नासा जाने का सपना पूरा कर लिया। वह अब नासा के प्रोजेक्ट के लिए चुन ली गई है। रितिका की प्रिंसिपल ने टीओआई से कहा कि रितिका की टीम ने बिलासपुर में बहुत अच्छा परफॉर्म किया। उन्होंने बताया कि रितिका फिलहाल 1 से 6 अक्टूबर के बीच गुरुत्वाकर्षण बल के विषय में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में ट्रेनिंग ले रही है। रितिका की प्रिंसिपल ने बताया कि वो पढ़ाई में बहुत तेज रही है।

वो ऑनलाइन क्विज में भी खूब पार्टिसिपेट करती है। प्रिंसिपल ने बताया कि रितिका बहुत ही साधारण परिवार से आती है। उसके पिता की साइकिल रिपेयरिंग की दुकान है।


### रितिका क्लास 11 की स्टूडेंट है

रितिका को क्षुद्रग्रह खोज अभियान के लिए चुना गया है। रितिका क्लास 11 की स्टूडेंट है। रायपुर से 60 किलोमीटर दूर आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश स्कूल में वो पढ़ाई करती है। रितिका को बचपन से ही अंतरिक्ष संबंधी विषयों में दिलचस्पी रही है। नासा जाना उसके लिए अपना सपना पूरा करने जैसा है।

### पिता करते हैं साइकिल की रिपेयरिंग

# पत्रकारिता की आड़ में करता था नशीली दवाओं का कारोबार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के बोधघाट थाना क्षेत्र से रविवार को नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 सौ नग नशीली सिरप और 12 हजार नग नशीला कैप्सूल बरामद किया गया। जब्त दवाओं की कीमत करीब 4 लाख 57 हजार छह सौ रुपये आंकी गयी है। नगर पुलिस अधीक्षक हेम सागर सिदार ने बताया कि मुखबिर से बोधघाट पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ युवकों के द्वारा नयामुंडा इलाके से नशीली कैप्सूल और सिरप के कारोबार का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी



बोधघाट लालजी सिन्हा एवं थाना प्रभारी परपा धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में टीम को रवाना किया गया। टीम के द्वारा नयामुण्डा दास गली में 5 युवकों को पकड़ा गया। उन्होंने अपना नाम तक्षक माने, सम्यक नाहटा, दद्दू हरीश सोनी, विवेक शर्मा काके, रीतेश सिंह रिंकु बताया। ये सभी जगदलपुर के है। इन्हीं से दवाएं जब्त की गईं।

### पत्रकारिता की आड़ में चल रहा था कारोबार

नशीली दवाओं के मामले में बस्तर पुलिस की अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को कुछ परेशानियां भी उठानी पड़ीं। दरअसल नशीला कारोबार चलाने वाला मुख्य सरगना पत्रकारिता की आड़ में इस कारोबार का संचालन कर रहा था। सरगना पत्रकार बनकर पुलिस अफसरों के आस-पास रहने की कोशिश करता था। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिस दिन इस रेड की कार्रवाई की जा रही थी उस दौरान आरोपी ने पत्रकारिता की धौंस दिखाते हुए पुलिस की कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया था। बावजूद पुलिस ने कार्रवाई की।

## बस्तर में लाखों रुपए की नशीली दवाओं के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार, इलाकों में बढ़ती जा रही इन दवाओं की मांग

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में नशीली दवा जब्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त नशीली दवाओं में 1,100 नग मोनोकॉप सीरप जिसकी कुल मात्रा 1,10 लीटर है और 12,000 नग पीवोन स्पाज कैप्सूल बरामद किया गया है। इन नशीली दवाओं की अनुमानित कीमत 4 लाख 57 हजार रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही एक ऑटो, एक स्कूटी, 02 मोटरसाइकिल और बीस हजार रुपए नगद भी जब्त किया गया है। के माध्यम से मंगाया जाता था। शहर में ड्रग्स कोकीन की तरह होती है बिक्री-बस्तर में इन दिनों नशीली दवाओं का व्यापार जमकर चल रहा है। नशे के कारोबार का आलम यह है कि बड़े शहरों की तर्ज पर जगदलपुर में भी ड्रग्स-कोकीन की तर्ज पर नशीली दवाओं की बिक्री चल रही है। शहर के युवा बड़ी संख्या में इसके गिरफ्त में आ चुके हैं। जानकारों के अनुसार शराब से कम कीमत में ये दवाइयां उपलब्ध हो जाती हैं और इसका नशा भी देर तक रहता है जिस वजह से युवा इससे जल्द आकर्षित हो जाते हैं।

# खुटार का ऐतिहासिक रामलीला मेला बार 3 अक्टूबर से शुरू

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर में लगातार 86वीं बार आयोजित होने वाला रामलीला मेला एक सन्यासी को दी गई दक्षिणा की देन है, सन्यासी ने महामृत्युंजय पाठ की दक्षिणा के बदले रियासत के तत्कालीन राजा से रामलीला मेला लगवाए जाने का संकल्प कराया था, तीन अक्तूबर को शिव बारात के साथ रामलीला मेले का शुभारंभ होगा सन 1935 के आसपास खुटार क्षेत्र में भयंकर हैजा फैला था, तमाम लोगों के काल कवलित होने पर खुटार रियासत के तत्कालीन श्री राजा गजेंद्र शाह को किसी ने रोग की भयावहता रोकने के लिए महामृत्यंजय जाप कराए जाने की सलाह दी, धार्मिक प्रवृत्ति के राजा ने लोक कल्याण की भावना से जोगराजपुर के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कोमलदास से मंत्र का जाप करने का अनुरोध किया, स्वामी जी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए नगर के पूर्व स्थित फुलवारी में डेरा जमा कर महामंत्र का जाप करना शुरू कर दिया,कहा जाता है कि थोड़े ही दिन में क्षेत्र को हैजा जैसे खतरनाक रोग से मुक्ति मिल गई, जाप समाप्त होने के बाद जब राजा ने स्वामी जी से जाप की दक्षिणा मांगने को कहा तो उन्होंने दक्षिणा स्वरूप नगर में रामलीला मेला लगवाए जाने की इच्छा जाहिर की, उस समय रहे कलक्टर से जब मेला लगवाए जाने की मंजूरी मांगी गई तो उन्होंने किसी कारणवश मेले की मंजूरी देने में असमर्थता प्रकट कर दी,बताया जाता है कि उन दिनों नैनीताल प्रवास पर आए गवर्नर छतारी स्टेट पहुंचे तो राजा साहब ने सीधे माननीय गवर्नर साहब से स्वीकृति लेकर मेले की तैयारियां शुरू करा दीं, उस समय के कलक्टर का तबादला भी हो गया नए कलक्टर ने स्वयं खुटार में कैंप कर तैयारियों को अंतिम रूप देकर मेला शुरू कराया, बाबा कोमलदास और राजा गजेंद्र शाह द्वारा स्थापित इस गौरवशाली मेले में निकाली जाने वाली राम बारात में आकर्षक झांकियों के साथ खुद राजा साहब हाथी पर सवार होकर कस्बे में निकला करते थे, और मेले की व्यवस्थाएं उनकी देखरेख में होती थीं, रविवार को मेले में गणेश पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया था, सोमवार को नगर में शिव बारात भी निकली,रात में कृष्ण लीला भी होगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# कड़ी मशक्कत के घंटो बाद उतरा टावर पर चढ़ा युवक



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- सोमवार की सुबह तड़के एक युवक नगर के जूनियर हाई स्कूल के पास लगे टावर पर चढ़ गया युवक के टावर पर चढ़ने की खबर मिलते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई,थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने युवक को उतारने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नही उतरा,नगर के मोहल्ला नारायनपुर निवासी मोहित मिश्रा ने अपनी जान जोखिम में डालकर टावर पर चढ़कर युवक को उतारने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना फिर पुलिस ने युवक के बारे में जानकारी कर उनके परिवार वालों को सूचना दी तो युवक की मां व गांव के प्रधान को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची उनके कहने पर बहुत मुश्किल से करीब सात घंटे के बाद युवक टावर से नीचे उतरा, मामला सरकारी आवास न मिलने का बताया जा रहा है।

# आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक खुटार के ग्राम मुरादपुर निविया खेड़ा में इंडिया शान न्यूज़ कार्यालय का आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने फीता काटकर शुभारंभ किया, एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, कार्यालय प्रभारी सर्वेश कुमार अर्कवंशी ने इंडिया न्यूज़ का उद्घाटन आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला के द्वारा कराया शुभारंभ कार्यक्रम में रमेश वर्मा, राजेश राठौर, मनजीत सिंह,ओम प्रकाश वर्मा, राजेश वर्मा,राम सिंह वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण को अनदेखी कर रहा है सफाई कर्मी अधिकारी मौन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लाक खुटार के ग्राम छापा बोझी में बने प्राइमरी स्कूल व माध्यमिक स्कूल में गंदगी का अंबार लगा हुआ है राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती पे भी स्कूल का नजारा देखने को मिला है, ग्रामीण तरह तरह की बाते कर रहे है सफाई कर्मी पड़ोस के गांव का ही है जिस कारण साँठ गाँठ के चलते गांव व स्कूल में कोई सफाई व्यवस्था नही दिख रही है, दो अक्टूबर को ग्रामीणों ने स्कूल में जाकर देखा तो स्कूल ऐसा लगता था कि यह कूड़ा इकट्ठा करने का स्थान है स्कूल में भीषण गंदगी से बच्चों को भी स्वास्थय सम्बन्धी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, और स्कूल में होने वाले टीकाकरण में उपयोग में होने बाली सीरेंज डिस्पोजल व रैपर भी स्कूल में पड़े पाए गए, सोचने बाली बात यह भी है की जब स्कूल के पास अस्पताल का उपकेंद्र है, तो यह सामाग्री स्कूल में कैसे पहुची स्कूल में इकट्ठे कूड़े से काफी दुर्गंध आ रही है मच्छर भी इकट्ठे हो रहे है,इस समय संचारी रोगों से बचाब को लेकर सरकार तरह तरह से निर्देश दे रही है वही सफाई कर्मचारी कार्य के प्रति घोर लापरवाही कर रहें है ग्रामीणों ने स्थानीय सफाईकर्मी को हटाने व दूसरा सफाई कर्मी नियुक्त करने की मांग की है।

# मोहल्ला देविस्थान में पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर के मोहल्ला देविस्थान में मकान की नींव को लेकर विवाद हुआ आरोप है कि पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर भाई बहन को घायल कर दिया, उपर्युक्त मोहल्ले के रहने वाले रोहित मिश्रा पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह पड़ोस में रहने वाले उक्त लोग हमारे मकान की नींव तोड़ रहे थे जब नींव तोड़ने को लेकर विरोध किया तो पड़ोसियों ने मौके पर ही लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया जब छोटी बहन बचाने आई तो उसे भी मारा पीटा जिससे रोहित मिश्रा और बहन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, पीड़ित ने थानाप्रभारी को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है

# कजरी निरंजन पुर में कब्बडी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन






विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार ब्लॉक के कजरी निरंजनपुर में हर साल की तरह दोनों महान विभूतियों की जयंती बहुत ही धूमधाम तरीके से मनाई गई, जिसमे हर साल की भांति सभी प्रकार के खेल कूद का आयोजन होता है, आज नगर स्थित गोल्डन फ्लावर स्कूल के एम डी हरदेव सिंह के निर्देशानुसार कोच मनीराम पाल व कोच शोभना सारिका दास के प्रयास से गोल्डन फ्लावर स्कूल को शहीद भगतसिंह कब्बडी प्रत्योगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिला जिसमें गोल्डन फ्लावर की बालिकाओं ने अपनी बिरोधी टीम को हराकर अपने नगर स्थित गोल्डन फ्लावर स्कूल व नगर की जनता का मनोबल बढ़ाते हुए विजय प्राप्त की, गोल्डन फ्लावर स्कूल की टीम में खुटार के पत्रकार की बेटी विधिक शुक्ला विजयी टीम का हिस्सा रही, गोल्डन फ्लावर स्कूल के एम.डी हरदेव सिंह व कोच शोभना शारिका दास व मनीराम पाल ने अपने स्कूल प्रांगण में बच्चों को ट्राफी भेंट कर उनका मनोबल बढाया,बच्चों के साथ खिलाड़ी विधिका शुक्ला, कोमलप्रीत कौर, मनमीत कौर, खुशमन कौर,खुशबू, कौर,सतवीर कौर,प्रयाशा कौर,अर्शदीप कौर व रमन कौर भी टीम में शामिल रहीं।

# जिलाधिकारी ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत क्रमशः प्राथमिक विद्यालय पूरे गोकुल, कम्पोजिट विद्यालय सिसवा, कन्या प्राथमिक विद्यालय भिनगा प्रथम एवं विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पटना द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। यदि कोई छात्र या छात्रा नामांकन के बाद स्कूल नहीं आ रहें है तो उनके अभिभावक से बात कर स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा से वंचित न रहने पाये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी छात्र-छात्राओं से बात कर परखा। उन्होने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पावे। इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य हो संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजकर उनका भविष्य उज्वल बनावें। जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों तक नियमित विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, यदि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कोई कमी मिली तो सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी।प्राथमिक विद्यालय पटना द्वितीय का निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अखिलेश शर्मा बने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पीसीसी डेली गेट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद - कांग्रेस हाईकमान ने अलीगढ़ से वरिष्ठ नेता अखिलेश शर्मा को पी सी सी डेलीगेट नियुक्त किया है।शर्मा इस समय पार्टी मे प्रदेश सचिव के साथ साथ कासगंज जिले का प्रभार भी संभाल रहे है। बीते विधानसभा चुनाव में उन्होंने छर्रा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। शर्मा ने राजनीतिक शुरुआत छात्र जीवन से की है। पूर्व में अखिलेश शर्मा छात्र संघ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश में विभिन्न पदों पर रह चुके है। प्रदेश से डेली गेट बनने के बाद वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी मतदान करेगें। इसके लिए अखिलेश शर्मा ने हाईकमान का आभार जताया और कहा कि हम कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करेगे।

# खंडवार में कोठी वाली मैया पर विशाल भंडारे का आयोजन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद- नानऊ सासनी रोड पर स्थित गांव खंडवार स्थित कोठी वाली मैया मंदिर पर सोमवार को गांव आसपास के लोगों के सहयोग से नवरात्र के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भक्तों द्वारा कन्याओं को भोजन खिलाकर उन्हें भेंट प्रदान की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में सहयोग करने वालों में योगेंद्र सिंह बाबूजी प्रधान, जे के सिंह प्रधान, तनुज सिंह प्रधान, सोम जी अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा, सौरभ तोमर, मनोज सिंह बीडीसी, ऋषिपाल सिंह, धीरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह बीडीसी, प्रशांत शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती ने विकास भवन मे किया पराग पार्लर बूथ का किया उद्घाटन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती अनुभव सिंह विकास भवन के प्रांगण में पराग पार्लर बूथ का उद्घाटन किया इस मौके पर उप दुग्ध शाला विकास अधिकारी अनूप कुमार यादव व इंस्पेक्टर जे पी श्रीवास्तव प्रोपराइटर प्रमोद कुमार शर्मा जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी श्रावस्ती के कृष्णा स्वरूप मिश्रा व विकास भवन की कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर बूथ का उद्घाटन किया और बताया की दूध के उत्पादक से सामान की बिक्री इस पराग पार्लर बूथ पर होगी और शुद्ध सामान खाने को मिलेगा सरकार की मनसा अनुरूप पार्लर बूथ का स्थापना विकास भवन के प्रांगण में कराया गया है जिसमें दूध से निर्मित सभी वस्तुएं बूथ पर मिलेंगी जो शुद्ध और स्वच्छ होंगी तथा स्वास्थ्य वर्धक।

## बोतल में पेट्रोल लेकर जा रहे शिक्षक को एसओ ने किया थाने में बंद

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-थाना क्षेत्र के अलीगढ़ पलवल खैर रोड पर एक बोतल में पेट्रोल लेकर जा रहे शिक्षक को पकड़ कर पुलिस ने थाने में बंद कर दिया हालांकि, कुछ घंटों बाद परिजनों के निवेदन करने पर थाने से छोड़ दिया करसुआ निवासी पवन की बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था वह अपने साथी के साथ बोतल में पेट्रोल लेकर जा रहे थे एसओ लोधा ने शिक्षक व उसके साथ को पकड़कर थाने में बंद कर दिया आरोप है कि उन्हें छोड़ने के लिए ?500 ले लिए और पेट्रोल भी नहीं दिया 7 पुलिस का रुपए लेना चार्ज का विषय बना हुआ है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नव दुर्गा समिति द्वारा रामलीला मैदान जमुनहा में माता रानी का जागरण कार्यक्रम

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जमुनहा के रामलीला मैदान में माता रानी का जागरण अयोध्या के प्रसिद्ध गायक कलाकार संदीप आचार्य द्वारा प्रस्तुत किया। जिसमे हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं का गायक ने गायन से मनमुग्ध यह कर दिया। जिसके श्री नव दुर्गापूजा समिति व रामलीला सयुक्त कमेटी द्वारा आयोजन करवाया गया। लगभग हजारो की संख्या में महिलाएं व पुरुष, बच्चे उपस्थित रहे। जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय मय सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए टुकड़ो में गश्त करते हुए नजर आये। नव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता, मेहुल नाग, ऋतुराज गुप्ता, शेरू साहनी, सचिन गुप्ता, देवांश विश्वास, वीरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र मौर्या आदि कमेटी के लोग रहे।